# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 31 मार्च।** केन्द्र की भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में बढ़ती मंहगाई तथा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि के विरूद्ध अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मंहगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् आज प्रदेश की सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मोटरसाईकिल, स्कूटर, गैस सिलेण्डर, पेट्रोल व डीजल के खाली कनस्तरों पर फूलमाला चढ़ाकर विरोध-प्रदर्शन किया गया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि दिनांक 2 से 4 अप्रेल तक प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा मंहगाई मुक्त भारत अभियान के तहत् जुलुस एवं धरना आयोजित कर मंहगाई के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा तथा दिनांक 7 अप्रेल, 2022 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में मंहगाई मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जयपुर शहर में धरना आयोजित कर मंहगाई के विरूद्ध विरोध-प्रदर्शन किया जायेगा।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 31 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर टोंक जिले के निवाई कस्बे में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमें विधायक श्री प्रशांत बैरवा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के महान् नेताओं के त्याग, तपस्या एवं बलिदान के परिणामस्वरूप देश अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ था तथा आज के आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस के महान् नेताओं की सोच एवं अथक् परिश्रम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखी तथा देश में आधारभूत ढांचे के निर्माण के साथ ही सिंचाई परियोजनाओं, कारखानों एवं उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण संस्थाओं का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी के समय हरित क्रांति एवं श्वेत क्रांति के माध्यम से देश खाद्यान्न में स्वावलम्बी हुआ तथा श्रीमती गाँधी के मजबूत इरादों के कारण एक सशक्त राष्ट्र के रूप में भारत की विश्व में पहचान बनी। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग की नींव भारत में डिजिटल क्रांति के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गाँधी ने रखी थी। उन्होंने कहा कि आज जो कार्य कम्प्यूटर एवं मोबाईल पर हो रहे हैं वह सुविधा स्व. श्री राजीव गाँधी की देन है। उन्होंने कहा कि देश में किसानों एवं पिछड़ों के हितों को सोचने वाली यदि कोई पार्टी है तो केवल कांग्रेस ही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने तीन काले कृषि कानूनों को लागू कर 15 महिने तक किसानों को सड़कों पर बैठकर संघर्ष करने पर मजबूर कर दिया था, किन्तु किसानों की ताकत के आगे मोदी सरकार को झुकना पड़ा और तीनों काले कानून वापस लिये गये।

श्री डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने जनकल्याण हेतु एक से बढ़कर एक योजनायें लागू की हैं। निरोगी राजस्थान हेतु मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गई, जिसके तहत् 10 लाख तक का ईलाज तथा 5 लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा प्रदेशवासियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में किसानों के लिये

**2........**

Created by Universal Document Converter

अलग से कृषि बजट पेश किया गया, किसानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली के बिलों में राज्य सरकार द्वारा छूट प्रदान की जा रही है जिसके तहत् लाखों उपभोक्ताओं का बिजली का बिल शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को एक लाख रोजगार दिये जा चुके हैं, सवा लाख रोजगार प्रक्रियाधीन है तथा बजट में एक लाख रोजगार की और घोषणा हुई है। साथ ही अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले जा रहे हैं जिससे हमारे बच्चे उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को सुदृढ़ कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के कार्यों से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार एवं प्रदेश कांग्रेस में अनुभवी एवं युवा नेताओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अनुपात है। इसलिये राजस्थान में कांग्रेस पार्टी लगातार अपनी पकड़ और अधिक मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिये आवश्यक है कि भाजपा एवं मोदी सरकार द्वारा देश में फैलाये जा रहे झूठे तथ्यों को जनता के समक्ष उजागर करें तथा मोदी सरकार द्वारा चुनावों में जनता से किये गये वादों की अनदेखी का प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में लोगों को कांग्रेस से जोड़कर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का कार्य करें तथा अभी से वर्ष 2023 में होने वाले चुनावों में पुनः कांग्रेस सरकार बनाने हेतु जुट जायें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों ने मुख्यमंत्री आवास जाकर लोककल्याणकारी बजट पेश करने के लिये मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 31 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने गुर्जर समाज के कद्दावर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा स्व. बैंसला के निवास स्थान जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रृद्धांजलि दी एवं शोक सन्तप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत भी मौजूद थे।

श्री डोटासरा ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला ने समाज के उत्थान हेतु व्यापक दृष्टिकोण के साथ अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि स्व. बैंसला के योगदान को राजस्थान प्रदेश सदैव याद रखेगा।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter